**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM 1 EXAMINATION (2022-23)**
**SUBJECT : HINDI**

**CLASS: VIII** **MAX. MARKS:40**
**DATE: 22/09/2022** **TIME : 2 HOURS**

---

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न–पत्र में कुल चार खंड हैं – ‘क, ख ,’ग’ और ’घ’।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड ‘क’

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X4)

मानव जीवन के लिए मनोरंजन की अत्यंत आवश्यकता है। मनोरंजन के कार्य तथा साधन मानव जीवन के गहन बोझ को कम करके उत्साह का संचालन करते हैं। मानव सृष्टि के आरंभ से ही प्राणियों ने मनोरंजन की आवश्यकता अनुभव की होगी और जैसे-जैसे समय व्यतीत होता गया वैसे-वैसे नवीनतम खोज इस अभाव को पूरा करने के लिए की गई। मनोरंजन के क्षेत्र में जितने भी आविष्कार हुए हैं उनमें सिनेमा (चलचित्र) भी एक है। चलचित्र का आविष्कार 1890 ई० में टामस एल्वा एडीसन द्वारा अमेरिका में किया गया । भारत में पहले सिनेमा के संस्थापक ‘दादा साहब फाल्के’ समझे जाते हैं। सबसे पहले मूक फिल्मों का निर्माण किया गया । बाद में इसमें ध्वनिकरण किया गया। ध्वनि का प्रयोग स्वयं गायक-गायिका अपनी आवाज़ में किया करते थे ।

प्रश्न:
(क) मानव जीवन के लिए मनोरंजन क्यों आवश्यक है ?
(ख) भारत में सिनेमा के पहले संस्थापक कौन थे ?
(ग) चलचित्र का आविष्कार कब और किसने किया ?
(घ) सबसे पहले किस प्रकार की फ़िल्मों का निर्माण होता था ?

## खंड ‘ख’

प्रश्न 2. (i) निम्नलिखित विकल्पों में से ‘सिंह’ शब्द के लिंग परिवर्तन के लिए सही विकल्प कौन –सा होगा ? (1)

(क) सिंहनी (ग) सिंग्घनी
(ख) सिंघन्नी (घ) सिह्ह्नी

(ii) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उचित विकल्प कौन –सा होगा ? (1)

मेरे पिताजी मेरे लिए .......और माताजी ....... हैं।
(क) पूज्य , पूज्या (ग) पूज्या, पूज्य
(ख) पूज्या,पूजयी (घ) पूज्य , पूजया

प्रश्न 3. (i) निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) उसे ताजी गन्ने का रस पसंद है। (ग) उसे ताज़े गन्ने को रस पसंद हैं।

(ख) उसे ताज़े गन्ने का रस पसंद है। (घ) उसे गन्ने का ताज़ा रस पसंद है।

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित शुद्ध वाक्य वाला विकल्प कौन –सा होगा ? (1)

(क) हमें क्रोध नहीं करना चाहिए। (ग) हमें क्रोध नहीं होना चाहिए।

(ख) हमें क्रोध नहीं करने चाहिए। (घ) हमें क्रोध नहीं करनी चाहिए।

प्रश्न 4. (i)निम्नलिखित विकल्पों में से उचित एकवचन वाला विकल्प कौन –सा होगा ? (1)

वाक्य : (क) नदी में कौन तैर रहा है ? (ग) मज़दूरों ने सड़कें बनाईं।

(ख) बादल बरस रहे हैं । (घ) वह किताब अच्छी है।

विकल्प: (i) (क) और (ख) (ii) (क) और (घ) (iii) (क) और (ग) (iv) (ग) और (घ)

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित बहुवचन वाला विकल्प कौन –सा होगा ? (1)

(क) स्त्री ने माला खरीदी। (ग) युवती ने घड़ी पहनी।

(ख) बच्चों ने खेल खेले। (घ) वे संतरे खा रहे हैं।

विकल्प: (i) (क) और (ख) (ii) (क) और (घ) (iii) (ख) और (घ) (iv) (ग) और (घ)

प्रश्न 5. (i) निम्नलिखित विकल्पों में से उचित कर्मवाच्य वाला विकल्प कौन–सा होगा ? (1)

(क) रमन ने पुस्तक पढ़ी। (ग) रमन के द्वारा पुस्तक पढ़ा गई।

(ख) रमन के द्वारा पुस्तक पढ़ी गई। (घ) रमन ने पुस्तक पढ़ा गई।

(ii) निम्नलिखित विकल्पों में से भाववाच्य के लिए उचित विकल्प कौन–सा होगा ? (1)

(क) मुझसे चला नहीं जाता। (ग) मुझमें चला नहीं जाता।

(ख) मुझसे चला द्वारा नहीं जाता। (घ) मुझको चला जाता है।

## खंड 'ग'

प्रश्न 6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X4)

पत्रों की दुनिया भी अजीबो-गरीब है और उसकी उपयोगिता हमेशा से बनी रही है। पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार का आधुनिकतम साधन नहीं कर सकता है। पत्र जैसा संतोष फ़ोन या एस०एम०एस० का संदेश कहाँ दे सकता है। पत्र एक नया सिलसिला शुरू करते हैं और राजनीति, साहित्य तथा कला के क्षेत्रों में तमाम विवाद और नई घटनाओं की जड़ भी पत्र ही होते हैं। दुनिया का तमाम साहित्य पत्रों पर केंद्रित है और मानव सभ्यता के विकास में इन पत्रों ने अनूठी भूमिका निभाई है।

प्रश्न:

(क) इस पाठ के लेखक कौन हैं ?

(ख) पत्रों पर क्या केंद्रित है?

(ग) पत्र किन घटनाओं के मूल होते हैं ?

(घ) कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए :

कथन : आधुनिक संचार के साधन होते हुए भी पत्रों का स्थान महत्त्वपूर्ण है।
कारण : पत्र जो काम कर सकते हैं, वह संचार का आधुनिकतम साधन नहीं कर सकता है।

विकल्प : (i) कथन और कारण दोनों सही हैं। (iii) कथन सही और कारण गलत है।
(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं। (iv) कारण सही और कथन गलत है।

प्रश्न 7. निम्नलिखित में से **<u>किन्हीं तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (3x3)

(क) कवि ने अपने आने को ‘उल्लास’ और जाने को ‘आँसू बन कर बह जाना’ क्यों कहा है ?

(ख) भगवान के डाकिए हमें क्या संदेश देते हैं ?

(ग) दोषों का पर्दाफ़ाश करना कब बुरा रूप ले लेता है ?

(घ) पत्र लेखन की कला के विकास के लिए क्या-क्या प्रयास हुए ? लिखिए ।

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (1X5)

(क) बेताबी (ख) हस्ती (ग) प्रशस्ति पत्र (घ) सौरभ (ङ) उजागर

प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (2)
(क) उल्लास (ख) हालत

## <u>खंड ‘घ’</u>

प्रश्न 10. निम्नलिखित विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (4)

(क) मधुर वाणी

(ख) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

(ग) मेरा प्रिय त्योहार

प्रश्न 11. निम्नलिखित विषयों में से **<u>किसी एक</u>** विषय पर पत्र लिखिए : (4)

(क) दुबई में बिताई छुट्टियों के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

(ख) मामा जी द्वारा दिए गए उपहार के लिए धन्यवाद प्रकट करते हुए उन्हें पत्र लिखिए ।

........................